Headline: NSE cuts fee on options, currency derivatives	
Source: Business Standard-Hindi	**Date:** 10 April 2017

एनएसई ने विकल्प, मुद्रा डेरिवेटिव का शुल्क घटाया

प्रमुख शेयर बाजार एनएसई ने शेयर विकल्प और करेंसी डेरिवेटिव्स में सौदा शुल्क उल्लेखनीय रूप से कम कर दिया है। कारोबारी सदस्यों को शेयर विकल्प खंड में 3 करोड़ रुपये तक के मासिक कारोबार या प्रीमियम मूल्य पर एक महीने के लिए 2,500 रुपये का निश्चित सौदा शुल्क देना होगा। इससे पहले, प्रतिद्वंद्वी शेयर बाजार बीएसई ने ऐसा कदम उठाया था। उसने कुछ खंडों में प्रति कारोबार के आधार पर शुल्क लेना शुरू किया था। इसके बाद बीएसई मुद्रा डेरिवेटिव्स खंड में बाजार हिस्सेदारी बढ़ रहा है। इसके अलावा एनएसई ने 3 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार के लिए 'स्लैब-आधारित ढांचा' पेश किया है। इसके तहत प्रीमियम मूल्य के प्रति लाख लेन-देन पर शुल्क कारोबार बढ़ने के साथ घटेगा। *भाषा*